# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के छात्रों का क्षितिज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

भोपाल| आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं कृषि संकाय के 19 छात्रों ने आईआईटी खडगपुर में 27 से 29 जनवरी तक अंतर्राष्ट्रीय मॉडल मेकिंग, क्विज तथा पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगताएं संयुक्त राष्ट्र की यूनेस्को के तत्वाधान में आयोजित की गई थीं, जिनमें विश्व के विभिन्न देशों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस उपलब्धि के लिए चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर, चांसलर डॉ. साधना कपूर एवं प्रबंध संचालक सिद्धार्थ कपूर द्वारा छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी गई।